मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–1, मार्च 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु पेंट्स का वाराणसी में डीलर सम्मेलन

**वाराणसी में कंपनी के वितरण व सेल्स नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 200 डीलर हुए सम्मेलन में शामिल**




कामधेनु पेंट्स अपने पेंट ब्रॉड ***Colour Dreamz*** की कामयाबी से प्रेरित होकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ उसके मार्केट विस्तार में लग गई है। इसी सिलसिले में कामधेनु पेंट्स ने वाराणसी के होटल 'द गेटवे गैंजेज़' में एक डीलर सम्मेलन आयोजित किया। कंपनी के मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ट अधिकारियों ने इस अवसर पर कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वाराणसी में कंपनी के वितरण और सेल्स नेटवर्क को मजबूत करना था जिसमें गोरखपुर, वाराणसी, इलाहाबाद और आस–पास के शहरों से तकरीबन 200 डीलरों ने हिस्सा लिया। कामधेनु पेंट्स जल्द ही मार्केट में नए लो वीओसी उत्पाद लॉंच करने जा रही है जिसमें मेलामाइन, सीलर, थिनर, लैकर, क्लीयर वार्निश, नाइफिंग पेस्ट फिलर और अन्य औद्योगिक पेंट्स की एक पूरी श्रृंखला शामिल है। सम्मेलन में आए डीलर्स को इन सभी उत्पादों की जानकारी दी गई और जल्द ही यह उत्पाद देश के सभी हिस्सों में आसानी से उपलब्ध होंगे।

सम्मेलन की शुरुआत करते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा "कारोबार की संभावनाओं को देखते हुए वाराणसी का क्षेत्र हमारी कंपनी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में 525 से अधिक पेंट डीलर कामधेनु पेंट्स के साथ जुड़े हुए हैं जिनमें से 50 डीलर विशेष रूप से कामधेनु के साथ ही काम कर रहे हैं। हम अपने सभी पेंट प्रोडक्ट्स के लिए इस क्षेत्र से भारी माँग आते हुए देख रहे हैं और हम देश के इस हिस्से में अपने आधार को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

कामधेनु पेंट्स के लिए यह आयोजन इसलिए भी खास था क्योंकि यह वाराणसी में कंपनी का पहला सम्मेलन था। इसीलिए इस सम्मेलन को डीलरों एवं उनके परिवारजनों के लिए यादगार बनाने के लिए कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।




उत्कृष्ट तकनीक का नया आयाम

KAMDHENU 500D

मज़बूती जो दिखे भी, टिके भी

# साइना नेहवाल ने भारत को फिर गौरवान्वित किया




भारत की साइना नेहवाल ने 21 मार्च, 2011 को साउथ कोरिया की जी हुएन संग को 21–13, 21–14 से हराकर स्विस ओपन ग्रॉंड प्रिक्स गोल्ड बैडमिन्टन में कब्जा कर लिया। यह साइना नेहवाल की गैर–वरीयता प्राप्त कोरियन खिलाड़ी के ऊपर दूसरी जीत थी। विश्व में दूसरी वरीयता प्राप्त साइना, जो पूरे टूर्नामेंट में अच्छी लय में थी, ने बढ़िया खेल का मुज़ायरा किया। उन्होंने अपने कोरियन प्रतिद्वंदी को खेल में वापस आने का कोई भी मौका नहीं दिया और मैच को सीधे सेटों में जीतकर कप पर कब्जा कर लिया। इस जीत के साथ ही साइना ने फिर साबित कर दिया है कि मौजूदा दौर में वह बैडमिंटन की सबसे बढ़िया खिलाड़ी हैं।

# वारेन बफेट और बिल गेट्स का भारत दौरा



25 मार्च को बर्कशायर हॉथ–वे के सी.ई.ओ. वारेन बफेट और माइक्रोसॉफ्ट के जनक बिल गेट्स ने भारत का दौरा किया। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से भारत निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है और वारेन बफेट और बिल गेट्स भी इसी सिलसिले में यहाँ आए हैं। अपने भारत दौरे के बारे में बताते हुए वारेन बफेट ने कहा कि वह बड़े अर्थव्यवस्था वाले देश जैसे भारत, ब्राजील और चीन में और अधिक निवेश करने को सोच रहे हैं। उन्होंने पत्रकार सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में बीमा क्षेत्र में अपार संभावनाऐं हैं और हमारी कंपनी इस अवसर को भुनाने की ओर प्रयत्नशील हैं। बजाज एलियांज के अंतर्गत आने वाली अपनी कंपनी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा "समय के साथ–साथ हमारे कदम बीमा क्षेत्र में और मजबूत हुए हैं और हमारी कंपनी बर्कशायर हॉथ–वे ने बजाज एलियांज की व्यवसायिक ऐजेंट के रूप में गैर–भारतीय बीमा निगम क्षेत्र में पैर जमा लिए हैं और हम लोग मिलकर निरन्तर नए आयाम छू रहें हैं।"

# जैसलमेर में मरू महोत्सव का अभूतपूर्व आयोजन

भारत का विश्व प्रसिद्ध तीन दिवसीय मरू महोत्सव 16 मार्च को रंगारंग समारोह के साथ स्वर्ण नगरी जैसलमेर के देदनसर मैदान में शुरू हुआ। पुराने लक्ष्मी नाथ मंदिर में सुबह बहुत धूमधाम से रथयात्रा निकाली गयी, इसके पश्चात भजन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आस्ट्रेलिया से पधारे मेहमान इयान डिक्सन और उनके साथी कलाकारों ने जैसलमेर के जिलाधिकारी गिरिराज सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में भारतीय ड्रम और ढोल के कार्यक्रम की प्रस्तुति से मेले का उद्घाटन किया। बुधवार को जैसलमेर के लोगों की सुबह मधुर भक्ति गीत सुनकर हुई। नादस्वारम् संगीत संस्था ने लोकसंगीत के वाद्ययंत्रो से भक्ति और धार्मिक गीतों को प्रस्तुत किया।

भजन के बाद लोग गड़दिसार सरोवर में जनमण्डली के लिए एकत्रित हुए। इस जुलूस को नगर निगम के चेयरमैन अशोक तनवर, जिलाधिकारी गिरिराज सिंह और पुलिस आयुक्त अंशुमान भौमिया ने झंडी दिखाकर शुरू किया। इस जुलूस में लोगों को पारंपरिक वस्त्र पहने हुए और लोकगीतों में नृत्य करते हुए देखा जा सकता था। विशेषकर कालबेलिया, काचीघोड़ी, गैर और कई अन्य भारतीय लोकगीतों पर उत्तर पश्चिमी जगह के कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मेले में लोक कलाकार ऊँट के ऊपर पारंपरिक रंगीन वस्त्र पहने हुए शहनाई, बंकिया, मसक और कई अन्य लोक वाद्ययंत्रो से कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे। इस तरह रंगारंग मेले का अभूतपूर्व आयोजन हुआ जो यहां आए लोगों के ज़ेहन में इस मेले की यादें जीवन पर्यन्त के लिए छोड़ गया।

# कामधेनु परिवार ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**कामधेनु परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में होली से पहले होली जैसे माहौल में जम कर झूमे सभी डीलर्स और कर्मचारीगण**



होली के रंगों में सराबोर होने से भला खुद को कौन रोक सकता है। कुछ ऐसा ही नज़ारा 17 मार्च को नत्था सिंह वाटिका, पंजाबी बाग में कामधेनु के होली मिलन समारोह में देखने को मिला। होली के पावन अवसर पर आयोजित इस समारोह में सीएमडी, कम्पनी के सभी डायरेक्टर्स और दिल्ली–एनसीआर एवं हरियाणा के सभी कर्मचारी, डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स मौजूद थे। इस कार्यक्रम में स्टील, पेंट्स व अन्य कामधेनु उत्पादकों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित थे। एक ही मंच पर इतने लोगों की मौजूदगी ने समारोह को और भी भव्य बना दिया।

समारोह की शुरुआत शाम 7 बजे श्री सुनील अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने समारोह में मौजूद सभी लोगों को होली की शुभकामनाऐं दी और सभी को एक साफ़–सुथरी होली खेलने को कहा। श्री सुनील अग्रवाल के भाषण के पश्चात समारोह को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम का संचालन श्री अमित सोनी, श्री चन्दन गोस्वामी और श्री विवेक माहेश्वरी ने संभाला। उन्होंने आए हुए सभी मेहमानों को विभिन्न प्रकार के जैसे तोल मोल के बोल, म्यूज़िकल चेयर और मटकी फोड़ खेल खिलाए जिन्होंने सभी को उत्साहित और आनंदित किया।

श्री सतीश अग्रवाल ने उपस्थित सभी मेहमानों को होली की बधाईयाँ दी और समारोह में भारी संख्या में पधारने के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद भी खेल और मनोरंजन का सिलसिला यहीं नहीं रुका और इन खेलों के साथ ही कई अन्य खेल जैसे आर्चरी, डार्ट, शूटिंग, बॉल गेम आदि के स्टॉल भी लगाए गए जिनका उद्घाटन श्री सुनील अग्रवाल और श्री सौरभ अग्रवाल ने रिबन काटकर किया। आए हुए सभी मेहमानों ने इन खेलों का आनंद उठाया और खेलों के विजेताओं को पुरस्कार भी बाँटे गए।

# कामधेनु पेंट्स ने उत्तर प्रदेश पेंट व्यापार मंडल वार्षिक मीट में भाग लिया

**वार्षिक मीट में स्टॉल लगाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के डीलरों को दी जल्द ही मार्केट में आने वाले नए उत्पादों की जानकारी**

27 फरवरी 2011 को कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा कामधेनु पेंट्स ने उत्तर प्रदेश पेंट व्यापार मंडल द्वारा आयोजित वार्षिक मीट में भाग लिया। इस मीट का उद्देश्य सभी पेंट निर्माताओं को एक मंच पर लाकर पेंट मार्केट के बारे में चर्चा कर सभी की राय जानना था। कामधेनु पेंट्स की तरफ से श्री लवजीत सिंह, मैनेजर–ब्रॉंड प्रमोशन, परमात्मा सिंह, क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर–पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पूरी सेल्स टीम के साथ श्री कमल शर्मा ने कम्पनी की अगुवाई की। साथ ही कम्पनी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी डीलरों ने इस मीट में हिस्सा लिया।

इस मौके पर कामधेनु पेंट्स ने एक डिस्प्ले स्टॉल भी लगाया जिसमें ***Colour Dreamz*** के विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही कम्पनी की ओर से भाग लेने आई टीम के सदस्यों ने लो वीओसी वाले उत्पादों के फ़ायदों से भी लोगों को अवगत कराया। कामधेनु पेंट्स जल्द ही नए उत्पादों की एक विशिष्ट श्रृंखला मार्केट में लॉंच करने वाली है जिसके बारे में भी इस स्टॉल में जानकारी दी गई। इस श्रृंखला के अंतर्गत जो उत्पाद जल्द ही मार्केट में आऐंगे वह हैं मेलामाइन, सीलर, थिनर, लैकर, क्लीयर वार्निश, नाइफिंग पेस्ट फिलर और अन्य औद्योगिक पेंट्स। इस मीट में हिस्सेदारी के चलते कामधेनु पेंट्स को अपनी सेल्स टीम और डीलर्स के करीब आने का एक और अवसर प्राप्त हुआ। नई उत्पाद श्रृंखला के बारे में जानकारी पाकर सभी डीलर खासे उत्साहित दिखे। ***Colour Dreamz*** पहले ही उपभोक्ताओं की पसंद बन चुका है और यह नई उत्पाद श्रृंखला इसके मार्केट विस्तार में बहुत कारगर साबित होगी।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु टीएमटी बार अब त्रिपुरा राज्य में भी उपलब्ध

**मार्केट विस्तार के चलते त्रिपुरा राज्य में Fe500 की सफलता के बाद अब कंपनी 500D भी जल्द ही लांच करने को तैयार है**



कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने त्रिपुरा राज्य में अपने टीएमटी बार उपलब्ध कराकर सफलता का एक और परचम लहरा दिया। देश के उत्तर–पूर्वी भाग में अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए कामधेनु पहले ही अपना उच्च क्वालिटी टीएमटी Fe500 त्रिपुरा राज्य में पहले ही लाँच कर चुकी है और जल्द ही 500D लाँच करने वाली है। इसी के बारे में जानकारी देने के लिए कामधेनु ने अगरतला के होटल राजश्री में अपने त्रिपुरा के सहयोगियों के साथ मिलकर एक मीट आयोजित की। त्रिपुरा एवं उसके आसपास के क्षेत्र के कई डीलरों ने इस मीट में भाग लिया।

मीट की औपचारिक शुरुआत श्री सुनील अग्रवाल, डायरेक्टर और श्री दिलीप मेहरा, सीनियर जीएम, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री बजरंग लोहिया और श्री राहुल लोहिया, डायरेक्टर्स, त्रिपुरा इस्पात ने दीप प्रजज्वलन से की। सभी एकत्रितगण 500D की लाँच के साथ आने वाली नई तकनीक, जो अभी तक त्रिपुरा राज्य में मौजूद नहीं थी, को लेकर खासे उत्साहित दिखे।

इस खास अवसर पर श्री सुनील अग्रवाल, डायरेक्टर, कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कहा "जब बात टीएमटी बार की होती है तो सबके दिमाग में सबसे पहले कामधेनु का ही नाम आता है। हमारा प्रत्येक टीएमटी बार खास जर्मन तकनीक से तैयार होता है और सभी बीआईएस मानकों पर खरा उतरता है। हमारे टीएमटी बार के दो नए संस्करण Fe500 और जल्द ही लाँच होने वाला 500D उन लागों के लिए उपर्युक्त है जो अपना घर प्यार, सपने और उम्मीदों से बनाते हैं और चाहते हैं कि उनका घर हमेशा खूबसूरत लगे।"

श्री बजरंग लोहिया, डायरेक्टर, त्रिपुरा इस्पात ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा "कामधेनु के हमारे राज्य में पदार्पण से पहले हम अपनी आधारभूत सुविधाओं की कमी के चलते उच्च ग्रेड स्टील के उत्पादन में सक्षम नहीं थे। कामधेनु के आने से हम Fe500 का उत्पादन 2000 मैट्रिक टन प्रति माह की क्षमता से कर सकते हैं और जल्द ही 500D भी लाँच करने वाले हैं। हम एक साथ आगे बढ़ रहे हैं और इस तरह हम जल्द ही हानिरहित व्यापार स्तर को छू लेंगे।"

मीट को आगे बढ़ाते हुए डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सर्टिफिकेट भी बाँटे गए। साथ ही उनके लिए कुछ खास स्कीम भी लाँच की गई। कुछ छोटे–छोटे कार्यक्रम जैसे गायन व नृत्य, प्रश्नोत्तरी एवं व्यक्तिगत वार्तालाप ने आए हुए सभी मेहमानों का मन मोह लिया।

## भूलसुधार

पिछले अंक में पृष्ठ 3 में छपे समाचार "कामधेनु ने लिया नव–भारत के निर्माण का संकल्प" में कार्यक्रम आयोजक के तौर पर श्री सतीश गर्ग का नाम अंकित हो गया था जबकि यह कार्यक्रम कामधेनु के दिल्ली एवं हरियाणा के सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्य को सफल बनाने में इन सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स का अतुल्य योगदान रहा। सम्पादक इसके लिए क्षमाप्रार्थी है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री विनोद एवं अशोक गर्ग
**मैसर्स श्री स्टील ट्रेडर्स**
साईं रोड, बद्दी
जिला–सोलन, हिमाचल प्रदेश
मो: 98160 24787
98162 24787

श्री एस.एन. मित्तल
**मैसर्स मित्तल टिम्बर ट्रेडर**
पीतमपुरा विलेज, कृष्णा मार्केट
अपोसिट अग्रसेन धर्मशाला
दिल्ली–110034
फोन: 011–27023615, 27013390
मो: 98111 97876

श्री किरन एवं कोथुर रमेश
सिंडिकेट एंड जनरल मर्चेंट
**मैसर्स मारुति कोडाड स्टील**
एलआईसी ऑफिस के साथ
हुजूरनगर रोड, कोडाड–508206
जिला–नालगोन्डा, आंध्र प्रदेश

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com